नव दाम्पत्य की हार्दिक शुभकामनाएँ...

चि. सरल

सुपौत्र : श्रीमती ऊषा-अभयकुमार जैन
सुपुत्र : श्रीमती सीमा-स्व. श्रीपाल जैन, पूराविरधा, तालबेहट ललितपुर

सौ.कां. सौम्या

सुपौत्री : स्व. श्रीमती बसंतीबाई-स्व. श्री कोमलचंदजी जैन
सुपुत्री : श्रीमती अंजना-श्री सुरेन्द्रकुमारजी जैन, मालथोन, सागर

का शुभ विवाह

दिनांक 8 फरवरी को पावागिरजी, तालबेहट में हर्षोल्लासपूर्वक संपन्न हुआ ।

ताई-ताऊजी : रचना-पुष्पेन्द्रकुमार जैन, विनीता-वीरेन्द्रकुमार जैन एवं समस्त दिवाकीर्ति परिवार

नगर गौरव बाल ब्रह्मचारी संजय भैया बने, मुनि सानंद सागर जी

आचार्य आर्जव सागर जी के करकमलों से महावीर जयंती के दिन जबलपुर में हुई मुनि दीक्षा ।

शांतिकुमार जैन, गंजबासौदा । नगर गौरव बाल ब्रह्मचारी संजय भैया (बरवाई वाले) ने जबलपुर में आचार्य आर्जव सागर जी महाराज से सांसारिक जीवन का त्याग कर, आध्यात्मिक जीवन की ओर कदम बढाते हुए मुनि दीक्षा को अंगीकार कर, दिगम्बर मुनि पद को धारण किया । माता-पिता द्वारा दिया गया, ब्र. संजय भैय्या संसारिक नाम एवं पहचान को एक क्षण में त्याग कर अब मुनि सानन्द सागर जी के नाम से अपनी पहचान प्राप्त करेंगे। सकल जैन समाज गंजबासौदा एवं पूरा नगर ब्र. संजय जैन की मुनि दीक्षा से अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रही है। सांसारिक जीवन परिचय में मुनि सानंद सागर जी महाराज का जन्म 26 जनवरी 1969 गंज बासौदा में हुआ । माता-पिता ने आपका नाम संजय जैन रखा। आपने एमबीबीएस, होम्योपैथी एक्यूप्रेशर मैग्नेट विषय में उच्च शिक्षा प्राप्त की। पिता का नाम श्री ज्ञान चंद जी जैन एवं माता का नाम श्रीमती सुमत रानी जैन था। जो कि ग्राम बरवाई की मूल निवासी थे। आपकी माताजी ने जीवन भी सांसारिक जीवन का त्याग कर, 10 प्रतिमा अंगीकार की और क्षुलिक्का आत्मश्री माता के नाम के साथ सल्लेखनापूर्वक, समाधि मरण को प्राप्त किया। सांसारिक जीवन में आपके तीन भाई और एक बहन रहे। आपने सन 1990 में संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज कि के कर कमलों से आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत को धारण किया। लगातार 33 वर्षों तक धर्म ध्यान एवं अध्यात्म के पथ पर चलते हुए अमरकंटक में विराजमान आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज से मुनि पद प्राप्त करने हेतु आतुर रहे। लेकिन वर्तमान में आचार्य श्री जी का स्वास्थ्य प्रतिकूल होने के कारण, दीक्षा संभव नहीं हो पाई। आचार्य श्री से आशीर्वाद लेकर 2 अप्रैल 2023 को जबलपुर में विराजमान आचार्य आर्जव सागर जी महाराज के दर्शनार्थ पहुंचे।

03 अप्रैल को प्रातःकाल महावीर जयंती के साथ-साथ समाजजन जबलपुर में आचार्य आर्जव सागर जी महाराज का मुनि दीक्षा दिवस भी मना रहे थे, तभी आपने भी आचार्य आर्जव सागर जी महाराज के समक्ष मुनि दीक्षा के भाव प्रकट किये। आचार्य आर्जव सागर जी महाराज ने योग्यता और अनुभव को देखते हुए दीक्षा का आशीर्वाद प्रदान किया । आचार्य श्री ने भगवान महावीर जयंती के दिन दोपहर को ब्र.संजय भैय्या को जबलपुर जैन समाज के समक्ष मुनिपद प्रदान कर आत्मकल्याण की ओर अग्रसर किया।

महावीर जन्मोत्सव हर्षोल्लासपूर्वक संपन्न...

अरविन्द कुमार जैन, बाकल, जबलपुर । महावीर जन्मोत्सव पर हनुमान ताल जैन बड़े मंदिर से भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हुई जिसमें नगर के 22 जिनालयों की पालकीयां भी सम्मिलित हुई । भव्य शोभायात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया । शोभायात्रा में पालकी की आरती समाजजनों द्वारा जगह जगह की गई । शोभायात्रा में नगर में विराजमान 108 आचार्य श्री आर्जव सागर व 108 श्री प्रज्ञासागर महाराज का ससंघ सानिध्य प्राप्त हुआ। श्री जी के अभिषेक उपरांत शोभायात्रा में शामिल समाजजनों की स्वरुचिभोज की व्यवस्था की गई थी । रात्रि में कमानिया गेट पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने सुबह 5:00 बजे तक कवि सम्मेलन में पधारे कवियों की कविताओं सुनकर आनंद उठाया।

इसके पूर्व में महावीर जन्मोत्सव के मंगल अवसर पर 31 मार्च को समाज के वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों द्वारा वृद्धाश्रम एवं कुष्ठ आश्रम जाकर फल वितरण किया गया तथा वहां पर भगवान महावीर स्वामी के संदेशों का वाचन किया गया। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक श्री राजकुमार जैन एसबीआई, श्री निर्मल कुमार जैन ज्योतिषाचार्य, श्री अरविंद जैन भाईजी, श्री अरविन्दकुमार जैन बाकल, श्री जयकुमार जैन, श्री अश्विन जैन, श्री आलोक जैन, श्री ऋषभ जैन मोदी एवं श्री रितेश मोदी का विशेष सहयोग रहा। 1 अप्रैल को नवयुवक सभा के तत्वाधान में महावीर जयंती के अवसर पर नर्मदा तट पर 1008 दीपों की से ग्वारीघाट के उमा घाट पर भगवान महावीर स्वामी जी की महाआरती की गई

साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए हुए सम्मानित विशाल जैन 'पवा'

ललितपुर। अहिंसा सेवा संगठन के संस्थापक विशाल जैन पवा को हिन्दू नववर्ष की पूर्व संध्या विश्व कविता दिवस पर भावना कला एवं साहित्य फाउंडेशन जयपुर, राजस्थान ने कविता पाठ, कविता प्रकाशन, कला एवं साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए **अखिल भारतीय काव्य शिरोमणि सम्मान** 2023 एवं बिहार के जिला जमुई अंतर्गत झाझा 811308 से संचालित के. बी. राइटर्स अंतर्राष्ट्रीय साहित्यिक मंच ने साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए **के.बी. राइटर्स कलमकार सम्मान** 2022 से सम्मानित किया एवं कूलंकषा साप्ताहिक व्यंग्य-गद्यात्मक प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर **काव्य गरिमा सम्मान** से विभूषित किया एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये।

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के अपने है, संपादक मंडल का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है । किसी भी प्रकार का विवाद होने पर न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।